
Fmc
FAN MADE COMICS
SPCL -008
clash of
THE GUARDIANS
2018
multistarer
ACTION
Part 2
of
APOCALYAPSE

# Disclaimer

कैसे हैं मित्रों !

सर्वप्रथम आप सबको शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें। कहीं न कहीं एक इंसान को बेहतर इंसान बनाने में एक शिक्षक की अहम भूमिका होती है इसलिए इस कॉमिक्स की रिलीजिंग के लिए हमने यह दिन चुना। गुरू की दी हुई शिक्षा से ही एक आम इंसान, एक योगी ने अपनी कुंडलिनी शक्ति जाग्रत कर प्रकृति के पंच महाभूतों पर नियंत्रण पाया और शक्तिमान कहलाया। गुरू के मार्गदर्शन से ही विश्व आतंकवाद का सबसे खतरनाक हथियार नागराज विश्वरक्षक नागराज बना। गुरू की महिमा अपार होती है और इसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। अब आते हैं कॉमिक्स पर। दोस्तों, आपका प्रेम ही है जो हमें नित्य प्रतिदिन यह हौंसला देता है कि हम आपका मनोरंजन करने में कहीं से भी ढील न बरतें। अब एक कहानी अच्छा खासा समय मांगती है और वह भी मल्टीस्टारर हो तो सबके साथ न्याय करना जरुरी हो जाता है ताकि कोई किरदार कमजोर न दिखे। इसी के चलते इस कॉमिक्स के रिलीज में देरी पर देरी होती चली गई। इस कॉमिक्स को हमारी टीम के सहयोगी सदस्य श्री विनय कुमार शर्मा भाई के जन्मदिवस पर रिलीज करने का प्लान था पर कार्य पूरा न होने पाने की स्थिति में हमें यह प्लान स्थगित करना पड़ा। हम निरंतर प्रयासरत है कि आप सबको जल्दी से जल्दी हमारी कॉमिक्स उपलब्ध कराई जाएँ पर फिर वही परेशानी की एक अच्छी कहानी का ताना-बाना बुनने में समय तो लगता है ही और इसे नाकारा नहीं जा सकता। हम धन्यवाद करते हैं राज कॉमिक्स, मार्वल कॉमिक्स और डी.सी. कॉमिक्स का जिन्होंने हमें इतने अच्छे सुपरहीरो दिए जिन्हें देखने, पढ़ने के लिए हमारे सभी फैन ललायित रहते हैं। मित्रों यह फैन मेड कॉमिक्स किसी भी प्रकार के वित्तीय लाभार्जन के लिए नहीं बनाई गई है और न ही हमारा मकसद किसी कॉमिक्स पात्र के कॉपीराइट का उल्लंघन करना है और न ही किसी पात्र को नीचा दिखाना है। हमारा उद्देश्य कॉमिक्स फैन्स का मनोरंजन करना है और हम इसमें पूरी तरह प्रयासरत है जब तक हमारा कॉमिक्स जुनून जिन्दा है। धन्यवाद !

Balbinder Singh
TEAM FMC

Admin & Creator



Balbinder Singh

Admin & Creator



Hukam Mahendra

Admin & Supporter



Vinay Kumar sharma

Admin & Supporter



Mahesh Kumar


आने के
लिए शुक्रिया।
आना ही था
खतरा जो इतना बड़ा
बताया है तुमने।
तो शुरू
करें ?
जरूर।


Story , Editing And Dialogues By Hukam Mahendraa
A Fan Made Comics
Clash Of
The Guardians
Proof Reading And Final Editing By Balbinder Singh
Sopported By
Kabir Vella , Vinay Kumar Sharma , Tinku Mahi


नाम - देशभक्त डिटेक्टिव तिरंगा
कार्य क्षेत्र-दिल्ली
हथियार-शील्ड और न्याय स्तम्भ
खतरे का स्तर low
काबिलियत - तेज दिमाग , क्राइम फाइटिंग ट्रेनिंग
नो सुपर पावर
कैप्टन अमेरिका का प्रतिद्वंदी


नाम-भेड़िया
भेड़िया वंश का आखिरी वंशज, वुल्फानो का वारिस।
कार्य क्षेत्र - आसाम का जंगल
हथियार - एक दैवीय गदा
खतरे का स्तर - High
काबिलियत - असीमित बल,भेड़िया और मनुष्य का मिश्रित रूप
थॉर का प्रतिद्वंदी


नाम - परमाणु
कार्यक्षेत्र-दिल्ली
हथियार-परमाणु शक्तियों से युक्त ड्रेस
काबिलियत-तेज दिमाग, आकार को छोटा-बड़ा करने की शक्ति, परमाणु रस्सी, परमाणु विस्फोट, 10000km/h की गति से उड़ने की क्षमता, ट्रांसमिट होने की क्षमता
खतरे का स्तर-High
आयरन मैन यानि मेरा प्रतिद्वंदी



नाम-डोगा
कार्यक्षेत्र-मुम्बई
हथियार-आधुनिक गन्स, बॉम्स, रायफल्स
काबिलियत-निशानेबाजी और जूडो कराटे में सिद्धहस्त, असाधारण बाहुबल, गजब का जुनून,
खतरे का स्तर-High
ब्लैक पैंथर का प्रतिद्वंदी




नाम- शक्ति
सुपर पॉवर - प्रकाश की गति से गमन,अपने बाएं हाथ की ऊष्मा शक्ति से किसी भी धातु को पिघला कर शस्त्र बना सकती है। हिन्दू गॉड माँ काली का एक अंश है ये और साथ ही तीसरे नेत्र की विध्वंसक शक्ति है इसमें। अपनी गति से समय धारा में विचरण की शक्ति।
खतरे का स्तर-Extreme
वंडर वुमन की प्रतिद्वंदी




नाम-ध्रुव
कार्यक्षेत्र-राजनगर
हथियार-स्टार ब्लेड्स, आधुनिक गैजेट्स युक्त बाइक, नर्वगैस कैप्सूल्स काबिलियत-तेज दिमाग, शारीरिक लचीलापन, अपने आसपास की वस्तुओं को हथियार बना सकने की गजब की काबिलियत, पशु-पक्षियों से बात करने की क्षमता
बैट मैन का प्रतिद्वंदी
खतरे का स्तर- low


नाम-नागराज
कार्यक्षेत्र-महानगर
ब्रह्माण्ड रक्षकों में से सबसे शक्तिशाली जिसकी शक्तियों का न कोई अंत है न सीमा
शक्तियां-नागफनी सर्प, भिन्न-भिन्न शक्तियों से युक्त इच्छाधारी सर्प
काबिलियत-रगों में विश्व का सबसे तीक्ष्ण जहर, इच्छाधारी शक्ति, शरीर में असंख्य सर्पों का वास, जख्मों को तीव्रता से भरने की क्षमता, उड़ने की शक्ति, लंबे समय तक निर्वात में रहने की शक्ति, मानसिक सन्देश भेजने की क्षमता
खतरे का स्तर **Extream**
हल्क का प्रतिद्वंदी
इन सबकी बाकी की शक्तियों और कमजोरी की जानकारी आप सब की फाइल में है, और सुपर मैन तुम्हारे लिए सबसे मुश्किल काम , तुम्हे नागद्वीप जाना होगा। वहाँ इच्छाधारी नाग मानव रहते हैं। सबमें एक से बढ़कर एक शक्तियां हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार वहाँ का सबसे ताकतवर...
...नाग मानव महात्मा कालदूत अभी समाधि में है इसीलिए उसकी समाधि टूटने से पहले तुम्हें अपना काम करना होगा।
अब तुम्हें एक अहम शख्स की जानकारी और देना चाहता हूँ। दुआ करो ये बंदा हमारे रास्ते में ना आए


शक्तिमान
नाम है इसका।
यदि कोई इन्सान प्रकृति के पांचों तत्वों में से किसी एक पर भी नियंत्रण कर ले तो वह बहुत शक्तिशाली हो जाता है।
लेकिन इस शख्स ने तो यौगिक शक्तियों के बल पर पाँचों तत्वों को नियंत्रित कर लिया है। अब आप लोग समझ ही चुके होंगे कि यह कितना शक्ति-शाली होगा।
बस इतना समझ लो कि यह अकेला हम सब पर भारी है।
मन की गति से विचरण कर सकता है। वैसे तो सम्पूर्ण विश्व का रक्षक है यह ,पर इसका मुख्य कार्यक्षेत्र मुंबई ही है।


एक मिन्ट टोनी मुझे लगता हैं यहाँ थोड़ा सा बदलाव किया जाना चाहिए। अगर इस मिशन से शक्तिमान को दूर रखना है तो ध्रुव से लड़ने के लिए ब्लैक पैंथर को जाना चाहिए और मुझे मुंबई।
क्योंकि तुम्हारी जानकारी के अनुसार डोगा लड़ते हुए बहुत आक्रामक हो जाता है और ब्लैक पैंथर भी। और शायद इसी वजह से दोनों की फाइट का पता शक्तिमान को चल सकता है। सिर्फ हथौड़े और गदा के होने से थॉर और भेड़िया का मुकाबला भी मुझे ठीक नहीं लगता क्योंकि नागराज की शक्तियों का मुकाबला अगर कोई कर सकता है तो सिर्फ थॉर।
यदि हल्क और नागराज में फाइट हुई तो नागराज हल्क को एक मॉन्स्टर से ज्यादा कुछ नहीं समझेगा और नागराज एक पल के लिए भी नहीं हिचकिचाएगा अपने जहर से हल्क की जान लेने में।
लेकिन नागराज हल्क के शरीर में अपने विषदंत नहीं गड़ा पाएगा।
जहर को शरीर के अंदर पहुंचने के और भी कई तरीके हो सकते हैं। और वैसे भी हल्क और नागराज की फाइट महानगर में होगी जिससे लोगों की जान को भी खतरा हो सकता है हल्क से, इसीलिए हल्क को भेड़िया के पास यानी जंगल में भेजना ही सही होगा और मैं जाऊंगा मुंबई। मेरी कोशिश होगी कि मेरी और डोगा की फाइट की भनक शक्तिमान को न लगे।
हम्म ! ये भी ठीक है। और कुछ बदलाव करना हो तो वो भी बता दो।
नहीं बाकी का तुम्हारा प्लान फुलप्रूफ है और प्लान B भी ।


तो फिर आओ पूरा करते हैं मिशन
Clash Of The
Guardians



## Recap

अपने किसी उद्देश्य को लेकर आयरनमैन दिल्ली पहुँचता है और परमाणु से जा टकराता है और दिल्ली के ही अन्य कोने में कैप्टेन अमेरिका देशभक्त डिटेक्टिव तिरंगा से भिड़ रहा था। दिल्ली में ही एक जगह आमना सामना हो रहा था अमेज़न की प्रिंसेज वंडरवूमन और नारी के क्रोध की प्रतीक शक्ति का। परमाणु से लड़ते हुए ही आयरनमैन किसी को असम के जंगलों में भेड़िया से टकराने के लिए हल्क को भेजने की सलाह देता है। इधर लोकी किसी अज्ञात शक्ति के साथ मिलकर आयरनमैन की टीम के द्वारा लाई गई किसी चीज का इंतजार कर रहा है। मुम्बई में डोगा सामना कर रहा है बैटमैन का और राजनगर में ब्लैक पैंथर भिड़ रहा है ध्रुव से। इधर नागद्वीप में विसर्पी भी सामना कर रही है किसी बड़ी शक्ति का जिससे भिड़ने के लिए वह नागराज को मानसिक संपर्क भेजती है। नागद्वीप की तरफ़ जाते नागराज से मार्ग में टकरा जाता है थॉर जिसका मकसद नागराज को नागद्वीप पहुँचने से रोकना था। थॉर नामक मुसीबत से लड़ने के दौरान ही वह अपने एक मित्र को विसर्पी की मदद के लिए मानसिक सन्देश भेज देता है। इधर विसर्पी का कवच टूटने ही वाला था उस शक्ति से टकराते हुए जिसे सभी सुपरमैन के नाम से जानते हैं। पर इससे पहले वह विसर्पी को कुछ चोट पहुंचा पाता , वहां आ पहुँचता है विसर्पी का मददगार , यानि पंचतत्व शक्ति धारक शक्तिमान। यहाँ तक आपने पढ़ा पूर्व अंक **Apocalyapse** में। अब आगे...


नागद्वीप
जहां सुपरमैन और शक्तिमान की जंग आरम्भ हो चुकी थी
ऐसा कैसे हो सकता है ? कहीं हमारा स्वप्न सच तो नहीं होने जा रहा है।
शक्तिमान ने सुपर मैन पर एक जोरदार प्रहार किया...
...जिससे सुपरमैन बहुत दूर तक घसीटता चला गया।
विसर्पी ! तुम सभी घायल नाग सैनिकों को किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाओ और तुम भी वहीं रहना।
नहीं ! मैं भी यहीं रुक कर तुम्हारी सहायता करूंगी।
नहीं, विसर्पी ! मेरी बात समझो। ये टकराव अब एक महायुद्ध में बदलने वाला है। मैं नहीं चाहता
तुममें से किसी को कोई हानि पहुंचे। तुम सबकी रक्षा का वचन दिया है मैंने नागराज को। तुम जाओ सभी को लेकर।
ठीक है।
तभी सुपर मैन बहुत तेजी से वहां पहुंचता है और शक्तिमान को ले उड़ता है।


बहुत सुना है तुम्हारे बारे में चलो आज..
..देख ही लेता हूं कि तुम कितने शक्तिशाली हो।
दुआ करो सुपरमैन। मुझे अपनी शक्तियां दिखानी न पड़ें, यही तुम्हारे लिए अच्छा होगा।
अगर ऐसा है तो आज देख ही
लेता हूं कौन कितना शक्तिशाली है।
तभी सुपरमैन के कानों में आयरन मैन की आवाज गूंजती है
नहीं, सुपरमैन !
जोश से नहीं दिमाग से काम लो और अपने मिशन पर फोकस करो। तुम सीधे-सीधे उसे हरा नहीं पाओगे।


ये इतना भी शक्तिशाली नहीं लग रहा, जितना तुम बता रहे थे। मैं इसे हरा सकता हूं।
इसने अपनी शक्तियों का अभी 1% भी यूज नहीं किया है
और तुम दोनों का टकराव महात्मा कालदूत को भी साधना से जगा सकता है। मुझे प्लान B शुरू करना होगा।
ठीक है। तो प्लान B शुरू किया जाता है। और उसकी शरुआत तुम करो टोनी।
ठीक है। तब तक मैं इसे रोके रखूँगा।
अपनी मंजिल से सिर्फ एक कदम दूर था। पता नहीं ये कहां से आ टपका।
गुड।
इसी का इंतजार था
हल्क को प्लान भी पसंद नहीं।
हल्क! ये ही ठीक रहेगा।
बिल्कुल सही, पैंथर! जितना ज्यादा लड़ेंगे, इतनी ही शत्रुता बढ़ेगी।


ZZRAKK
AGGGH!
मैं समझ गया हूं तुम यहां क्या लेने आए हो , लेकिन मैं तुम्हे उसके आस-पास तक नहीं फटकने दूंगा।
शायद तुम मुझे हरा दो शक्तिमान। लेकिन जब मेरे और भी साथी आएंगे तो तुम उनका सामना नहीं कर पाओगे।
वो तो समय बताएगा,शक्तिमान अपनी आखिरी सांस तक नागराज को
दिए वचन के लिए लड़ेगा और तुम्हें यहां से एक पत्ता भी नहीं ले जाने देगा ....


क्योंकि उस होने वाले विनाश को बहुत करीब से देख लिया है मैंने जिससे तुम लोग अनभिज्ञ हो।
उस महाविनाश को शक्तिमान अपनी पूरी शक्तियों के साथ रोकेगा ...
... तुम्हारे साथ ही दुनिया देखेगी शक्तिमान का वो रूप जिसे कभी किसी ने नहीं देखा ।
ये किस विनाश की बात कर रहा है


फ्राइडे ! प्लान बी शुरू करो अभी। अब ज्यादा समय नहीं है अब हमारे पास।
प्लान B शुरू किया जा चुका है सर। आपका नया सूट जल्द ही आपके पास पहुंचने वाला है।
ये अगर रिहायशी इलाका नहीं होता तो परमाणु से उलझना तुम्हें बहुत महंगा पड़ता।
SMACCKK
जानता हूं तब तुम बहुत खतरनाक साबित हो सकते थे, इसीलिए मैंने ये जगह चुनी। तो अब यहां....
... मैं खतरनाक हूँ।
FSSHHAAAMM
आयरन मैन के वार से परमाणु नीचे गिरने लगा।


तभी आयरन मैन
का नया आर्मर
वहां पहुंच चुका था।
बस इसे परमाणु को
पहनाना होगा।अब ये
सूट तुम्हारा है परमाणु
लेकिन
हां इसका कंट्रोल
मेरे हाथों में है। अब
तुम हिल भी नहीं
पाओगे बिना मेरी
मर्जी के।
शाबास
फ्राइडे!सही समय
पर एंट्री कराई
है सूट की।
परमाणु को सीधे-सीधे
काबू करना आसान नहीं है।
अब ये सूट ही इसे काबू
करेगा।
वैसे तो तुम इससे छुटकारा पा
तो सकते हो ,एक बड़ा-सा
परमाणु ब्लास्ट करके,लेकिन
तुम ऐसा करोगे नहीं इससे इस
रिहायशी इलाके में रेडिएशन
फैलने का खतरा तुम मोल नहीं
लोगे। वाऊ तुम तो अब आयरन
परमाणु बन गए...
... हा हा हा अच्छे लग रहे हो।
मुझे इस
तरह यूँ बेबस करके
एक बात तो साबित हो
गई कि तुम डर गए
मुझसे।


डर रहा हूं तभी तो लड़ रहा हूं।
मै इसका बदला जरूर लूंगा तुमसे।
ये ही तो मैं चाहता हूँ कि तुम लोग बदला लेने आओ।
उसके लिए तुम्हें न्यूयॉर्क आना होगा, स्टार्क टॉवर।
अब मैं चलता हूं तिरंगा और कैप्टन अमेरिका के पास।
हल्क ! जो चीज तुम्हें मैंने दी थी,क्या तुमने उसे भेड़िया को सुंघाया।
BOOM
नहीं ! हल्क भेड़िया को अपनी ताकत से हराएगा
अब इसका मै क्या करूँ ?
आयरन मैन, परमाणु को बेबस कर निकल चुका था तिरंगा और कैप्टन अमेरिका की तरफ।


...जहाँ दोनों का टकराव जारी था।
बस करो तिरंगा। और कितना लड़ोगे, सीधे-सीधे हार मान लो...
...क्योंकि मैं तुम्हें जीतने नहीं दूंगा किसी भी हाल में।
अगर कुछ सीखा है तो सिर्फ झुकाना...
तिरंगा ने हार मानना नहीं सीखा है और ना ही झुकना सीखा है।
हर उस शख्स को जो तिरंगे का दुश्मन है .और तुम भी यहां मेरे तिरंगे के दुश्मन बनकर ही जासूसों की तरह आए हो।
सही कहा ना
बस अब बहुत हो गया


तभी तिरंगा को एक धुएं का बवंडर अपने आगोश में लेता चला गया।
धड़ाक
नतीजन तिरंगा धड़ाम से बेसुध होकर गिर जाता है।
अरे वाह! कैप्टन ने तो पहले ही तिरंगा का काम तमाम कर दिया अच्छा है।
तिरंगा तो गया अब बाकियों को भी ठिकाने लगाना है।
ओह! टोनी आ गया। जरूर इसी ने ये बेहोशी वाला धुआं छोड़ा होगा वैसे भी मैं इस पर काबू करने वाला ही था।
जल्दी से वो बेहोशी वाली गैस सुंघा दो। इससे पहले कि वो तुम्हें कोई जहरीली जड़ी-बूटी सुंघा कर बेहोश कर दे।
मैं बात करता हूं। हल्क! भेड़िया को
ये हल्क मेरी बात नहीं मान रहा है कैप्टन।


ओह! क्या भेड़िया चीटिंग कर सकता है ?
हां ! बिल्कुल कर सकता है।
तो फिर हल्क भी करेगा।
और हां लास्ट में वो डायलॉग बोलना मत भूलना।
हल्क को डायलॉग याद नहीं।
मैंने कहा था ना कि इसे याद नहीं रहेगा ये बिल्कुल बुद्धू है।
हल्क बुद्धू नहीं , हल्क को डायलॉग याद है।
भेड़िया के डर से क्या बड़बड़ाए जा रहा है राक्षस।


हल्क राक्षस नहीं
हल्क, हल्क है
SHAKOOOM!
अब इसे वो गैस सुंघा ही दूँ।
WHAKADOOM!



लेकिन हल्क ने भेड़िया को वार करने का मौका नहीं दिया और उसे बेहोशी वाली वह गैस सूंघा दी।
आह ! इतने ताकतवर राक्षस से कभी पाला नहीं पड़ा। ये तो हार मानने का नाम ही नहीं लेता । लगता है गदा के ताबड़ तोड़ प्रहार करने पड़ेंगे, तभी इसकी अक्ल ठिकाने लगेगी।
KRAAAKAAAM!
लड़ने में मजा आ रहा था ! अरे हाँ, वो डायलॉग तो मैं भूल ही गया। क्या था ? एक चुटकी सिन्दूर की कीमत तुम क्या जानो भेड़िया बाबू। ही ही ही।
पलभर में भेड़िया अचेत हो गया।
हल्क ने अपना काम कर दिया अब हल्क को यहां से ले जाओ।
लेकिन अभी मेरा काम नहीं हुआ है टोनी। तुमने मुझे प्लान B से बाहर रखा है क्या ....


ये शक्ति हर पल घातक होती जा रही है जल्दी कुछ करो।
हल्क! हममें से कोई तुम्हारे पास पहुंचता ही होगा , तब तक वहीं रुको।
वंडर वुमन ! शक्ति की कमज़ोरी के अनुसार उस पर काम हो चुका है।जल्द ही तुम्हें पता चल जाएगा।
कहाँ चले गए डोगा और बैटमैन लड़ते लड़ते ? लोकेशन तो अभी यहीं की थी।
ये इतनी सारी स्त्रियों की पुकार एक साथ ?
बचाओ ! बचाओ ! बचाओ ! बचाओ !
जो करना है जल्दी करो वरना मुझे भी मजबूरन घातक वार करने होंगे।


शक्ति को कई रूपों में विभाजित करके।
अब मुझे मजबूरन उन सबकी सहायता के लिए अलग-अलग दिशा में अपने शक्ति रूपों को भेजना होगा।
क्योंकि शक्ति की गति प्रकाश की गति के समान है
इतना समय काफी है...
...शक्ति के होश गुम करने के लिए।
अब तुम्हारा काम आसान हो गया वंडर वुमन, लेकिन ध्यान रहे समय बहुत कम है।
वंडर वुमन बिना एक पल गवाए शक्ति पर टूट पड़ी।
कमजोर होने के कारण शक्ति कोई प्रतिरोध नहीं कर पा रही थी।
उम्मीद से जल्दी काम बन गया।
प्रहार बहुत शक्तिशाली था।
उसे संभलने में ज्यादा देर नहीं लगेगी।
जानती हूं इसीलिए जल्दी बताओ अब आगे क्या करना है।
अब हमें हल्क को लेकर नागद्वीप पहुंचना है।
नागद्वीप!


मुम्बई
मुझे कम आंकने की तेरी भूल तुझे बहुत महंगी पड़ेगी।
सस्ती चीजों का डोगा शौकीन भी नहीं है।
डोगा से जीतने में बहुत समय लग सकता है। और समय नहीं है। ये टोनी और कैप्टन न जाने कितनी देर में आएंगे।
FAMM
KRAK
तू मुझसे तब ही जीत सकता है जब तू मुझे वार करने का मौका न दे क्योंकि मेरा एक पंच तेरे दस पंच के बराबर है
ओह ! कैप्टन अमेरिका तुम। तुम पीठ पीछे भी वार करते हो क्या ?
बाल-बाल बचा डोगा कैप्टन की ढाल से।
इतने में कैप्टन अमेरिका भी वहां पहुंच चुका था
और आते ही डोगा पर प्रहार कर दिया।
कमाल का फाइटर है ये। मैंने पीछे से वार किया फिर भी बच गया।


आयरन मैन ने बेहोशी का डार्ट डोगा पर दाग दिया।
माफ़ करना डोगा ! अब तुम्हें सुलाना पड़ेगा।
अपने और साथियों को भी बुला लो मदद के लिए। डोगा मरेगा भी तो एक-दो को साथ लेकर। ओफ़्फ़।
जो डोगा की गर्दन में जाकर धंसा।
पीछे से वार करना बुजदिलों का काम है।
डार्ट के असर से डोगा अपने होश खोता चला गया।
मेरी ये बुजदिली ही हम सबकी जान बचाएगी डोगा।
सब कुछ ठीक रहा तो किसी को भी जान देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी डोगा।
वंडर वुमन तुम आसाम जाओ और वहीं से हल्क को लेकर नागद्वीप पहुंचना। मैं और कैप्टन
भी वहीं आते हैं। और बैटमैन ! तुम जानते ही हो तुम्हें आगे क्या करना है ?
हम्मम !


राजनगर
यहां ध्रुव और ब्लैक पैंथर लड़ते-लड़ते एक बिल्डिंग में जा पहुंचे थे।
अब समय आ गया है अपने असली काम का.
बहुत ही फुर्तीला है ये। उन आतंकवादियों का साथी भी नहीं लग रहा, आखिर कौन हो सकता है?
बस इस ध्रुव को किसी तरह उस कमरे में धकेल दूं तो काम बन जाए पर ये काम इतना आसान तो लगता नहीं।
क्योंकि ये बहुत फुर्तीला लग रहा है, लेकिन मुझसे ज्यादा नहीं।
मुझ पर कोई घातक वार भी नहीं कर रहा है ये सिर्फ मेरे वारों से बच रहा है, आखिर चाहता क्या है ये?
बन गया काम।
ब्लैक पैंथर ने ध्रुव को बिल्डिंग के एक कमरे धकेल दिया।


फिर वहीं कोशिश , ध्रुव मैंने कहा था ना , ये तुम्हारे खिलौने मुझ पर बेकार है।
हां ! याद है लेकिन इस बार ये असर करेंगे।
कुछ क्षणों में पूरा कमरा आग की लपटों से घिर गया और कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था।
अगले ही पल ब्लैक पैंथर ने ध्रुव को बाहर की तरफ फेंक दिया।
ध्रुव कांच की उस दीवार को तोड़ता हुआ बाहर जा गिरा।
बहुत जल्द टकराने वाला था जमीन से


मुझे पता है ध्रुव,तुम इतनी आसानी से हार मानने वालों में से नहीं हो इसीलिए मैं अपने हाथों से तुम्हें जमीन से टकराऊंगा।
ब्लैक पैंथर भी वहां से कूद गया।
तुम्हारी कोई भी चालाकी नहीं चलने दूंगा सुपर कमांडो ध्रुव।



आखिरकार ब्लैक पैंथर अपने मकसद में कामयाब हो ही गया।
टोनी ध्रुव का काम हो गया है। आगे का क्या प्लान है?
तुम अब महानगर जाओ। बैटमैन भी वहीं पहुंचता ही होगा। मैं और बाकी सब जाते हैं नागद्वीप।
ठीक है!
क्या सच में ध्रुव हार गया था?
शायद नहीं!
ध्रुव अभी पूरी तरह होशोहवास में था


महानगर
नागराज ! अब तुम्हें पता चलेगा हमें तूफ़ान का देवता क्यों कहा जाता है।
कमाल की है इसकी शक्तियां, लेकिन अब ये करना क्या चाहता है ?
अब तुम पर थॉर का कहर टूटेगा। तुमसे लड़ने में मजा आ रहा था...










अत्यधिक घायल हो चुका था नागराज ।




मान गया नागराज तुम्हें। हमारे इतने शक्तिशाली प्रहार के बाद भी तुम अभी तक होश में हो।
...लेकिन अब होश में नहीं रहोगे।
थॉर ने नागराज पर अपने हथौड़े से जोरदार प्रहार किया।


...जिससे नागराज बहुत दूर जा गिरा।
इसे अब संभलने का अवसर देना ठीक नहीं रहेगा।
दुनिया का हर तूफ़ान हमारी नसों में दौड़ता है। जीतना तो दूर की बात है, तुम अधिक समय तक हमारे सामने टिक भी नहीं पाओगे।
तुम्हारी नसों में दुनिया का हर तूफ़ान दौड़ता है तो ...
.... मेरे शरीर में विश्व के सभी सर्पों की प्रजाति वास करती हैं और उन सबकी शक्तियां मेरी नस-नस में दौड़ती हैं। तुम्हारे देवता और अमरता के इस घमंड को नागराज चूर-चूर कर देगा।


नागराज ने थॉर पर ध्वंसक सर्पों का हमला किया।
उफ ! कैसे-कैसे सर्प हैं इसके शरीर में !
KA-THOOOOM!
नागराज के जबरदस्त प्रहार से थॉर दूर जा गिरा।
नागराज ने विद्युत की तेज़ी से अगला प्रहार किया ..
..जिससे थॉर हवा में...
...दूर, बहुत दूर तक....


..हवा में लहराता चला गया।
और जा गिरा शहर के बीचों बीच।
उफ् ! इस नागराज को हराना बहुत मुश्किल होता जा रहा है। तरह-तरह की शक्तियां हैं इसमें मगर जीतना तो होगा ही हमें।
बस, बहुत हुआ। अब इस युद्ध का अंत तुम्हें हराकर करेंगे हम।
अब इस युद्ध का अंत मेरे या तुम्हारे अंत पर ही होगा।


यकीन मानो नागराज, यदि तुम्हारे प्राण ही लेने होते तो अब तक ले चुके होते हम।
और यदि तुमने नागद्वीप पर हमले का कारण जल्द ही नहीं बताया तो तुम्हारे प्राण लेने से नहीं चूकूंगा मैं।


जहां जारी थी शक्तिमान और सुपर मैन का भयंकर जंग।
पता नहीं टोनी तुम्हे क्यों इतना ताकतवर समझता है। मुझे तो तुम कहीं से भी इतने ताकतवर नहीं लगे।
बोल रहा था तुम में पंच तत्वों की असाधारण शक्तियां है तो कहां है वो शक्तियां?
तो तुम मेरी शक्तियां देखना चाहते हो ठीक है।
लेकिन एक बात ध्यान से सुन लो यदि भागना चाहते हो तो अभी भाग लो
वरना बाद में तुम्हें इसका...
मौका भी नहीं दूंगा।


अचानक आसमान में बिजलियां कौंध उठी।
KRAKKKKOOOOOOMMMM
और वो बिजलियां शक्तिमान के हाथ के इशारे से सुपर मैन पर आ गिरी।
बिना अंजाम की सोच ये जो तुम लोगों ने खेल शुरू किया है ना, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। अगर कहीं कुछ गलत हुआ है तो मुझे बताओ मैं तुम्हारी सहायता करूंगा।
THOOOMM
वार इतना शक्तिशाली था कि सुपर -मैन धड़ाम से जमीन पर आ गिरा।


मुझे जल्द ही इससे सब कुछ उगलवाना होगा।
SKRAAAKK
शक्तिमान, सुपरमैन पर दया करने के जरा नही मूड में नहीं लग रहा था। एक के बाद एक ताबड़तोड़ प्रहार किए जा रहा था वह।
सुपर मैन को संभलने का अवसर तक नहीं मिल पा रहा था।


लेकिन सुपर मैन भी कम नहीं था
बहुत घमंड है तुम्हें अपनी शक्तियों पर अपने आपको सबसे ज्यादा शक्तिशाली समझते हो। तोड़ दूंगा इस घमंड को
... और इसे मैं तोड़ूंगा।
घमंड तो होता ही है टूटने के लिए ,इन नागों पर बेवजह अत्याचार करके तुम जो अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रहे थे, उसे घमंड कहते हैं
THOOOM
शक्तिमान का हर प्रहार सुपर मैन पर कहर ढा रहा था।


तुम्हारी शक्तियों का स्त्रोत इस ग्रह का सूर्य है ना! बस कुछ ही क्षण लगेंगे अपनी कुंडलिनी शक्तियों के जरिए तुम्हारा सूर्य से संपर्क तोड़ने में। इसीलिए जल्दी बताओ कौन है जो ये सब करवा रहा है वरना जिंदा तो छोडूंगा पर
जीने की ख्वाहिश नहीं रहेगी तुम्हें।
तभी वहां आयरन मैन आ पहुंचता है।
सॉरी शक्तिमान! उसका अभी कुछ भी बताने का मूड नहीं है।
और आते ही शक्तिमान पर प्रहार कर दिया।
हम सबकी सम्मिलित शक्तियों से तुम्हारा जीत पाना नामुमकिन है शक्तिमान।
ये सब यहां एक साथ! हे भगवान! तो क्या मेरा वो स्वप्न सच होकर रहेगा।
बहुत बड़ी दुविधा में पड़ गया मैं तो, किन्तु नागराज को दिए वचन के लिए इनसे लड़ना ही होगा।



देखो शक्तिमान ! हमारी तुमसे या ब्रह्माण्ड रक्षकों से कोई दुश्मनी नहीं है , इसीलिए हमारे रास्ते से हट जाओ और जो हम लेने आए हैं उसे ले जाने दो, इसी में सबकी भलाई है।
कमाल है ! जो तुम्हारा है नहीं उसे ले जाना चाहते हो। बेगुनाह नाग मानवों का रक्त बहाते हो। अकारण ब्रह्माण्ड रक्षकों से लड़ते हो और बातें भलाई की करते हो।
हमारा भरोसा करो शक्तिमान। अभी शायद हम गलत लग रहे हैं लेकिन इसी में सबकी भलाई है।
भलाई तो तुम सबकी इसी में है जिस तरह यहां से आए हो उसी तरह वापस चले जाओ , नागराज को दिए वचन की खातिर मैं तुम्हें यहां से एक पत्ता भी नहीं ले जाने दूंगा।


ये विषफुंकार तुम्हारे होश गुम कर देगी थॉर।
उफ ! कैसी विचित्र सी गंध है ये ? हमारा सिर चकरा रहा है।
आह ! क्या किया है तुमने, हमारी आँखें बोझिल होती जा रही है।
बेहोश होने वाले हो तुम और बेहोश होने से पहले नाग-द्वीप पर हमले का उद्देश्य बता दो वरना अपने विषदंश से तुम्हारे इस अमरता और देवता के घमंड को यहीं पानी की तरह बहा दूंगा।
तभी वहां ब्लैक पैंथर भी आ पहुंचता है
उसके लिए तुम्हें उसके नजदीक जाना होगा और मेरे होते हुए ये मुमकिन नहीं।
अब तुम कौन हो ?
ब्लैक पैंथर।
ब्लैक पैंथर यानि एक और अवेंजर।



तुम्हारे बारे में जानता हूं तुम्हारा सूट वायब्रेनियम का है ना ?
बिल्कुल सही।
मेरे नागफनी सर्प,जो कि दैवीय हैं,वो तुम्हारे इस सूट को जरूर चीर सकते हैं पर पहले तुम्हारी अक्ल तो ठिकाने लगा दूँ।
और इसे तुम्हारी कोई भी नाग शक्ति नहीं भेद पाएगी।
अच्छा तो तुम्हें ऐसा लगता है।
ये दोनों यहां? मतलब और भी अवेंजर्स यहां हो सकते हैं। मुझे सतर्क रहना होगा।
नागराज को सच में सतर्क रहने की जरूरत थी ...
हम्म ! ये जगह बिल्कुल सही है निशाना लगाने के लिए....
क्योंकि बैटमैन भी वहीं छुपा हुआ था।
POOM
...इस डार्ट से नागराज जरूर बेहोश हो जाएगा।


बैटमैन का निशाना एक दम सटीक था
आह ! किसने किया पीछे से कायरों की तरह हमला।
ये मुझे क्या हो रहा है मुझे नींद क्यों आ रही है ?
ये एक खास तरह का सीरम है जो स्पेशियली तुम्हारे लिए बनाया गया है। आम इंसान का तो पता नहीं पर एक जहरीले जीव पर ये बेहोशी का काम करती है। जो जितना ज्यादा जहरीला, असर भी उतना ही ज्यादा और मुझे नहीं लगता तुमसे ज्यादा कोई जहरीला होगा।
नागराज बेहोश हो चुका था।
ये क्या कर रहे हो तुम इसके साथ ?
कुछ खास नहीं ! बस ये भी प्लान का ही हिस्सा है।
इस प्लान का मुझे क्यों नहीं पता ?
क्योंकि ये प्लान अभी बना है।
और ये क्या रखा है तुमने ?
तुम्हारी जीत की गारंटी।
थॉर ! अब तुम्हें नागद्वीप पहुंचना चाहिए। बाकी साथियों को तुम्हारी जरूरत पड़ सकती हैं। तुम हमसे पहले पहुंच सकते हो। मैं और ब्लैक पैंथर भी वहीं आते हैं।


हमें नहीं मालूम तुम क्या करने वाले हो, लेकिन टोनी ने तुम पर भरोसा किया है तो जरूर तुम में कोई बात होगी।
थॉर नागद्वीप की ओर चल पड़ा।
आखिर तुम करना क्या चाहते हो?
रास्ते में बताता हूं।
हल्क, आयरन मैन, वंडर वुमन, सुपर मैन जैसे महा शक्तिशालियों के होते हुए हमारी भी आवश्कता पड़ सकती है। इसका मतलब शक्तिमान बहुत शक्तिशाली होगा।
थॉर बहुत तेजी से नागद्वीप की तरफ जा रहा था।


जहां शक्तिमान अकेला भिड़ रहा था - आयरन मैन, हल्क,सुपर मैन, कैप्टन अमेरिका और वंडर वुमन से।
FABOOM
FABOOM
आयरन मैन ने पूरी पावर से शक्तिमान पर प्रहार किया।
अपनी थोड़ी पावर बचा कर रखना आयरन मैन वापस जाने के काम आयेगी।
लेकिन उसका वार शक्तिमान को छू भी नहीं पाया।


हल्क एक घूंसे में इस कवच को तोड़ देगा।
हम्म ! बहुत ताक़त है तुममें हल्क,पर इतनी भी नहीं कि मेरे द्वारा निर्मित कवच को तोड़ सको।


हटो तुम लोग ! इससे लड़ना तुम लोगों के बस का नहीं है।
शक्तिमान की शक्तियों को बहुत कम आंक लिया वंडर वुमन ने..


...लेकिन बहुत जल्द उसे शक्तिमान की शक्तियों का पता चल गया।
यूँ तो मुझे अच्छा नहीं लग रहा है एक स्त्री पर प्रहार करते, किन्तु क्या करूं वचन से बंधा हुआ हूं।
ZZZRRRAKKK
एक-एक कर के नहीं सभी एक साथ मिलकर हमला करो अगर जीतना चाहते हो तो।


हल्क हराएगा शक्तिमान को।
हल्क, शक्तिमान पर टूट पड़ा।
फिर सुपर मैन
बहुत बढ़िया हल्क!
और आयरन मैन भी
आह!
अब मेरी बारी।


संयुक्त हमले से शक्तिमान थोड़ा घायल हो गया था
तभी वंडर वुमन ने शक्तिमान को लैसो ऑफ ट्रुथ से जकड़ लिया।
बहुत बढ़िया टीम वर्क रहा। हम जल्द ही इसे काबू कर लेंगे।
क्या तुम्हें सच में ऐसा लगता है कैप्टन अमेरिका ?
...मुझे तो नहीं लगता
शक्तिमान अपनी कुंडलिनी शक्ति को जागृत करता है।


फलस्वरूप सभी सुपर हीरोज तिनके की भांति उड़ जाते है।
चारों दिशाओं, धरती आकाश को साक्षी मानकर पाप का प्रतिकार करने का प्रण लिया है मैंने। इसीलिए मैं तुम सभी से निवेदन करता हूं कि चले जाओ यहां से। कहीं आज मेरे हाथों कोई ऐसा अनर्थ ना हो जाए जिसके लिए मुझे जीवन भर पश्चाताप करना पड़े।


अब चाहो तो तुम इसे मेरा निवेदन समझो या...
...चेतावनी ! पर इसी में सबकी भलाई है इसीलिए जितनी जल्दी हो सके चले जाओ यहां से।
हल्क ! क्या तुम इसे कुछ समय के लिए रोक सकते हो ?
नहीं ! हल्क रोकेगा नहीं हल्क तोड़ेगा इसे।
तो आजा और देख कौन किसे तोड़ता है।


ये हल्क बहुत बड़ा खतरा साबित हो सकता है। इसको हराना बहुत मुश्किल होगा। लेकिन इसे शांत करना मेरे लिए बहुत आसान है।
क्योंकि ये हल्क गामा रेडिएशन के कारण बना है। गामा रेडिएशन ही इसकी शक्ति का स्त्रोत है।
मुझे बस अपनी यौगिक शक्ति के द्वारा इसके गामा रेडिएशन के प्रभाव को निष्क्रिय करना है जो मैं आसानी से कर सकता हूं। हालांकि मैं इसे हल्क बनने से कुछ समय तक ही रोक पाऊंगा पर इतना समय काफी रहेगा।
वाह! योजना काम कर गई। ये हल्क से वही बन गया जो ये वास्तव में है।


ये इसने क्या कर दिया हल्क के साथ ? क्या हुआ इसे , देखना होगा।
आश्चर्य है। ब्रूस में गामा रेडिएशन का स्तर शून्य हो गया है। मानो जैसे इसमें कभी रेडिएशन था ही नही।
क्या किया है तुमने हल्क के साथ ?
वहीं जो मैं अब..
..तुम्हारे साथ करने वाला हूं। हल्क से उसकी ताकत यानि उसका गामा रेडिएशन छीनकर और तुमसे तुम्हारी ताकत यानी तुम्हारा ये आर्मर नष्ट करके।


एक धमाके के साथ आयरन मैन के आर्मर के चीथड़े उड़ गए
NO!
जितना सोचा तुम उससे ज्यादा शक्तिशाली हो। मगर हम भी हार मानने वालो में से नहीं हैं।
और ना ही मैं हार मानने वाला हूं।
लेकिन तुम लोगों को जरूर हार मनवाकर रहूंगा और साथ ही तोड़ूंगा तुम सबका घमंड।


शक्तिमान ! हम ये सबके भले के लिए कर रहे है और तुम इसमें बाधा उत्पन्न कर रहे हो। क्या यहीं तुम्हारा प्रण है ?
मुझे मेरा प्रण अच्छी तरह याद है। जिस शक्ति को तुम जानते भी नहीं उसे ले जाना चाहते हो।
KRAAAAK
शक्तिमान के हाथ के इशारे से चट्टानें उड़ कर सुपर मैन से टकराने लगती हैं।
बहुत कम आंक लिया है तुमने हमें। शायद तुम ठीक से हमें जानते नहीं हो।
HUNH!


अच्छी तरह जानता हूं तुम्हें ।इन सभी में फिलहाल मुझे तुम ही सबसे ज्यादा शक्तिशाली लगती हो ।
शक्तिमान का हाथ एक विशाल चट्टान को उठाने के लिए बढ़ता है ।
इसीलिए तुम्हें नजरअंदाज करना मेरी सबसे बड़ी गलती होगी।
KRRRAKOOOOOOM
उस विशाल चट्टान को शक्तिमान वंडर वुमन पर गिरा देता है ।
अब थॉर भी नागद्वीप पहुंच चुका था ।
तो ये है शक्तिमान ।


शक्तिमान !
तुम हमारे कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हो।
अब तुम हमारे कहर का सामना करो..
अचानक हुए हमले से शक्तिमान बच न सका।
..ओडिन पुत्र थॉर से मुकाबला करो।


भूमि , वायु ,
जल,अग्नि और अंतरिक्ष
इन पांचों की शक्ति है मुझमें
और इन पांचों तत्वों को मैं
कंट्रोल भी कर सकता हूं।
तुम्हारी ये बिजली भी उसी शक्ति
का एक हिस्सा है। तो इस बिजली
से तुम मुझे ज़रा भी हानि
नहीं पहुंचा सकते।


परिणाम तुम्हारे सामने है।
आश्चर्य ! इस पर कोई असर नहीं हुआ।
मतलब टोनी का सोचना सही था। इसे हराना बहुत मुश्किल है।
ये ही सही समय है थॉर भी आ गया है। सब मिलकर टूट पड़ो इस पर।
सभी एक साथ मिलकर अपनी पूरी शक्तियों का इस्तेमाल करो।


तीनों का सम्मिलित प्रहार किसी की भी जान लेने के लिए पर्याप्त था।
लेकिन शक्तिमान को मानो जैसे कुछ हुआ ही नहीं था।
शक्तिमान के अकेले का प्रहार तीनों के प्रहार से ज्यादा शक्तिशाली था।
आह!


WHZZZZZZZZZZZZZZZZ!
अगला प्रहार कैप्टेन अमेरिका ने किया अपनी ढाल से...
SPAK
...जिसे शक्तिमान ने अपने हाथों से रोक लिया।
बिजली का वार तो तुम पर बेअसर रहा लेकिन हमारे इस हथौड़े में पहाड़ों तक का सीना चीरने की शक्ति है। इस से बच कर दिखाओ।
क्या सच में ये इतना शक्तिशाली है?
थॉर के हथौड़े को शक्तिमान ने अपने हाथों में थाम लिया।
तब तो ये बहुत काम की चीज है।


सच में ये बहुत शक्तिशाली प्रतीत हो रहा है। मैं इसकी शक्ति को महसूस कर रहा हूं।


शक्तिमान ने हथौड़े का पहला प्रहार वंडर वुमन पर किया।
अदभुत है ये !


इसने हमारे हथौड़े को उठा लिया। मतलब ये इसके काबिल है , क्या हमें इसे सब कुछ बता देना चाहिए। नहीं हम ये जोखिम अभी नहीं ले सकते।
अगला प्रहार थॉर पर किया।


KRAAK
और फिर सुपर मैन पर भी हथौड़े का जबरदस्त प्रहार किया शक्तिमान ने।
GH-UHH!


शक्तिमान ने थॉर को भी अपनी फौलादी हाथो में उठा लिया।
शक्तिमान की जीत लगभग तय हो चुकी थी।
B. HH 2013
RAPMUND House
ये सब देख कर...


... आयरन मैन की आंखे फटी की फटी रह गई।
अब इसे रोकना नामुमकिन है। बस उम्मीद है तो बैटमैन से। बस वो सफल हो।
उम्मीद कभी नहीं छोड़नी चाहिए टोनी। मेरी सफलता की गारंटी 100% है।
मुझे तुम पर पूरा भरोसा है बैटमैन। पर समय कम है। शक्तिमान हर पल घातक होता जा रहा है।
बस ये समझो हम नागद्वीप पहुंच ही गए।
ब्लैक पैंथर अब उस बुलेट को इस गन में लोड कर दो पर ध्यान से उसका स्पर्श जानलेवा साबित हो सकता है।
मैं भी अब अपने आर्मर को बुलाता हूं जो है...
..दिल्ली में परमाणु के पास
ये क्या ... ये आर्मर अपने आप हट रहा है।


लेकिन ये जा कहाँ रहा है ?
हैलो ? क्या कोई ब्रह्माण्ड रक्षक ऑनलाइन है ? क्या कोई मुझे सुन रहा है ?
ध्रुव !
परमाणु, शुक्र है। कितनी देर से कोशिश कर रहा था कॉन्टेक्ट करने की।
परमाणु मेरी बात ध्यान से सुनना , हम पर हमला हुआ है तुम, मैं, नागराज,शक्ति,डोगा और तिरंगा हम सभी पर यहाँ तक कि भेड़िया पर भी।
लेकिन क्यों ?
पता नहीं लेकिन नागद्वीप पर बहुत बड़ा हमला हुआ है।
तुम्हें अब एक काम करना है। वहीं दिल्ली में शक्ति को ढूँढो और उसे आसाम भेजो भेड़िया को खोजने। भेड़िया को लेकर वो सीधा नागद्वीप चली जाएगी।
ओके !
ठीक है।
कभी गए हो नागद्वीप ?
रुको ! अभी खत्म नहीं हुआ है, आगे सुनो। फिर तुम तिरंगा को लेकर महानगर आ जाना। यहां से हम सब नागद्वीप एक साथ चलेंगे।
नहीं।
क्यों न मै भी तिरंगा को लेकर सीधा नागद्वीप चला जाऊं,टाइम बचेगा।
तो मेरे भाई ! जैसा मैं बोल रहा हूँ वैसा करो न प्लीज !


नागद्वीप
क्या तुम चाहते हो मेरे हाथों कोई अन-होनी हो जाए।
बैटमैन और ब्लैक पैंथर भी नागद्वीप पहुंच चुके थे।
हम ऐसा बिल्कुल भी नही चाहते
तभी तो तुम्हें सुलाने आया हूँ।
क्या इसी के दम पर तुम इतना बोल रहे थे?
बैटमैन की गन से निकली गोली को शक्तिमान ने अपने हाथों में पकड़ लिया।
तभी वह गोली शक्तिमान के हाथो में ही...
..ब्लास्ट हो जाती हैं और वहां धुएं का गुब्बार बन जाता है जो उस गोली से बना था।
वो कोई मामूली गोली नहीं थी और ना ही ये धुआं। इसे तुम नागराज की विषफुँकार ही समझ लो जिसे मैंने नागराज के जहर को अति तीव्र करके बनाया है। उस जहर से जिसे मैंने नागराज के शरीर से उसके बेहोश हो जाने के बाद निकाला।
शक्तिमान बेहोश हो चुका था।
आयरन मैन का सूट भी वापस आ चुका था




*रुद्राक्ष के बारे में जानने के लिए पढ़ें हमारा पूर्व कॉमिक्स 'जंग'


मुझे सावधानी बरतनी होगी ताकि महात्मा की समाधि न टूटे।
आखिरकार रुद्राक्ष सुपर मैन के हाथ में था।
तो ये है वो रुद्राक्ष जिसके लिए ये सारा खेल खेलना पड़ा। आखिर क्या शक्ति है इसमें ?
अचानक रुद्राक्ष में से तेज रोशनी निकलने लगी और सुपर मैन को कुछ दृश्य दिखाई देने लगते है।
नहीं ! ये अनर्थ मत कर दुष्ट असुर...
मैं तुम्हें श्राप देती हूं...
मुझे अब इस पाप के साथ नहीं जीना...
अगर तुम्हारी यहीं इच्छा है तो मै तुम्हें आशीर्वाद देता हूं, कुरुरक्ष ना सिर्फ तुम्हारी आंखों के सामने मरेगा बल्कि उसकी मृत्यु में तुम्हारा भी अहम योगदान होगा।
ये सब दृश्य मुझे क्यों
दिखाई दे रहे हैं ?
कोई तो हमारी रक्षा कीजिए...
कौन है ये लड़की ?
बचाओ..
क्या मुझे ये सब ये रुद्राक्ष दिखा रहा है लेकिन क्यों,
पहले रुद्राक्ष लेकर यहां से निकलता हूं।
सुपरमैन एक पल भी गवाएं बिना वहां से चला जाता है।






कहानी जारी रहेगी **Advent Of Darkness** में


इस सृष्टि के निर्माण से पहले अगर कुछ था तो वह था 'अंधकार' और आगे भी 'अंधकार' ही होगा। अवेंजर्स, जस्टिस लीग और ब्रह्माण्ड रक्षक , ये सब तो उस अंधकार को पुनः लाने के लिए मेरे हाथों की एक कठपुतली मात्र हैं। इस सृष्टि का विनाश करके अंधेरे की अपनी एक नई सृष्टि बनाऊंगा क्योंकि बहुत जल्द पुनः होने वाला है इस धरती पर ...
टीम FMC की प्रस्तुति
Advent of
Darkness
कथा, संवाद एवं एडिटिंग
हुकम महेन्द्रा

# EDITORIALS

सभी कॉमिक्स जुनूनी मित्रों को मेरा नमस्कार ! आप सभी को शिक्षक दिवस कि हार्दिक शुभकामनायें दोस्तों । Apocalyapse के बदले जो आपने इतना प्यार दिया उसके लिए बहुत–बहुत धन्यवाद । ये आप सभी का प्रेम ही है जो हमारे जुनून को बरकरार रखे हुए है । आप सभी की इच्छानुसार Apocalyapse के दूसरे भाग Clash of The Guardians में पृष्ठों की संख्या बढ़ाई गई है । हालाँकि इसके निर्माण में समय अधिक लगा और इसका कारण भी समय ही है जो बहुत कम मिल पाता है मुझे क्योंकि परिवार के प्रति भी मेरी कुछ जिम्मेदारियां और फर्ज हैं । कॉमिक्स बनाना वाकई टेढ़ी खीर है । रातों को नींद से बोझिल होती आँखों को जबरदस्ती खोले रखना कोई आसान काम थोड़े ही है ( ही ही ही ) । मन को तसल्ली देना की बस यह आखिरी पेज बना लूँ फिर सोता हूँ । रात दिन कीयह थकान उस वक्त काफूर हो जाती है जब फैन्स के प्रोत्साहन भरे रिव्यु मिलते हैं । आपके कमेन्ट हमें रिचार्ज करते हैं ताकि हम अगले लक्ष्य की ओर बढ़ सकें इसलिए मित्रों कॉमिक्स पढ़कर अपने विचार हमारी ब्लॉग पर अवश्य दें । आपको अच्छी या बुरी हमसेअपने विचार साझा करें । एक चीज और मित्रों ! कॉमिक्स का सिर्फ लिंक शेयर करें । कॉमिक्स को किसी फॉर्मेट में शेयर न करें । हमारी ब्लॉग से हम डाउनलोड की गणना कर सकते हैं कि कितने मित्रों तक हमारी कॉमिक्स पहुंची । अन्य शेयरिंग में यह संभव नहीं है । अतः अपने दोस्तों को भी कहें कि वह भी हमारे ब्लॉग लिंक से ही कॉमिक्स डाउनलोड करें और आप स्वयं भी ब्लॉग लिंक से डाउनलोड करें । किसी भी मित्र से पीडीएफ़ या CBR फॉर्मेट का आग्रह न करें । इन डाउनलोड और आपके कमेंट्स देखकर ही हमें प्रेरणा मिलती है । आशा है आप सब हमारी बातों को समझेंगे । बाकी मित्र बलबिन्दर ने बता ही दिया है कि इन कॉमिक्स को बनाने का हमारा मकसद किसी भी प्रकार का लाभ अर्जित करना नहीं है और न ही किसी कॉमिक्स कंपनी के पात्रों के कॉपी–राइट का उल्लंघन करना है । हमारा ध्येय सिर्फ कॉमिक्स इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देना है । अतः सभी से यह भी अपील है कि वह बढ़ चढ़कर कॉमिक्स खरीदें । बस इतना ही कहकर विदा लेता हूँ अगले अंक के लिए । धन्यवाद ।

आपका मित्र

हुकम महेन्द्रा

## COMICS FAN CORNER-5

**हैलो दोस्तों ! इस कॉमिक्स के पहले भाग APOCALYAPSE को आपने अथाह प्रेम दिया इसके लिए सबका तहे दिल से शुक्रिया ! फैन्स को यह कॉमिक्स इतनी पसंद आई कि दो ही दिन में इसका आंकड़ा 500+ चला गया और अब तक इसका आंकड़ा 2694 है। कई फैन्स के रिव्यूज भी मिले जिन्हें पढ़कर मन गदगद हो गया ऐसे ही आप सब अपना प्रेम FMC पर बनायें रखें।**

**दोस्तों ! रिव्यु बहुत सारे थे अतः सभी को इस पेज पर दर्ज कर पाना संभव नहीं था अतः हम कुछ बेहतरीन रिव्यु को ही यहाँ दर्ज कर रहे हैं-**

बलविंदर भाई ! आप लोग का ये टीम **FMC** कॉमिक्स के प्रति किस हद तक जुनूनी है ये इस बात से पता लगता है कि जब मैं आपके ब्लॉग से पहली कॉमिक्स सेर सवा सेर पढ़ा था उसी समय मुझे लगा था कि अगर हम कॉमिक्स फैन्स की कोई सुन सकता है तो वो है टीम **FMC** इसलिए मेरे दिमाग में काफी दिनों से राज कॉमिक्स और मार्वल कॉमिक्स के सुपर हीरो को आपस में टकराने को लेकर एक कहानी का रुपरेखा घूम रही थी। मैंने अपनी बात कमेन्ट के रूप में आपसे शेयर की, लेकिन आपने उस समय ये कहकर बात को टाल दिया था की इस तरह के काम करने से आलोचनायें काफी बढ़ जाती है जिससे मैं काफी निराश हो गया था और मैंने खुद ही कॉमिक्स बनाने के बारे में सोंचा। लेकिन ये काम कितना कठिन है मुझे उस समय पता चला जब सिर्फ एक इमेज बनाने में ही पूरा दिन निकल गया था। मैंने दुबारा उस पर धयान नहीं दिया। लेकिन आज **Apocalyapse** कॉमिक्स पढ़कर मालूम पड़ा कि आपका जुनून कॉमिक्स के प्रति किस बिंदु तक है। हमें अब पूर्ण विश्वास है कि आपका ये जुनून भविष्य में भी बरकरार रहेगा। धन्यवाद !

**-old star entertainment**

सुपर वर्क टीम **FMC** !, आप अब कह सकते हैं कि कोई कॉमिक्स बनाई पर ये कॉमिक्स मुझे इतनी पसंद नहीं आई जितनी आने वाली आएगी। मतलब कि अब लगता है कि आने वाली कॉमिक्स इससे भी बढ़कर होगी। आपका यह प्रयास नहीं है पर यह रिजल्ट है कि आपने एक बेहतरीन कॉमिक्स बनाई। स्टोरी पढ़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी सिर्फ एडिटिंग देखकर ही रिजल्ट मिल जाता है। ऐसी अच्छी कॉमिक्स पर सुपर से भी काफी ऊपर। और इसका दूसरा पार्ट पहले लाइए बाकी सब बाद में और नेक्स्ट पार्ट में पेजेज ज्यादा हो ऐसी सोच रखता हूँ। अगर हो सके तो आप इस कॉमिक्स में भी 96 पेज ला सकते थे बट अब नेक्स्ट में जरूर लाइयेगा। **I hope** की तीसरे पार्ट में कहानी खत्म हो जाए। मैं इस इस कॉमिक्स को अपनी तरफ से 10 में से 8.5 रेटिंग दूंगा।

**-Kishan Purohit (Vadodara, Gujrat)**

सुपर...सुपर ! वेट कर रहा था कल से इसका । फाइनली पूरा हुआ। जबरदस्त आर्टवर्क (एडिटिंग) और स्टोरी है। अब सेकंड पार्ट का वेट। Plz do hurry fmc team .Thanks for give us such kind of gems.

**-Mohammad Amir**

भाई ! **I have no words**---मतलब यार कहानी स्टार्ट की तो कब खत्म हुई पता ही नहीं चला **script, editing, story--every thing --fantastic** यार--- सैल्यूट है आप लोगों को। एंड थैंक्स भाई !

**-Tarun Tripathi**

शेष अगले पृष्ठ पर

वाह ! जबरदस्त कॉमिक....सबको अच्छे प्रतिद्वंद्वी दिये गए हैं। नागराज से मुझे उम्मीद थी कि सुपरमैन लड़े लेकिन शक्तिमान आ गया। हर एक मूवी में एक ऐसा सीन आता है जिसमें लोग तालियां और सीटी बजाए बिना नही रह सकते तो इस कॉमिक में वो सीन शक्तिमान की एंट्री था। -Subhash

आप सभी लोगों को की मेहनत रंग लायी है। कॉमिक्स सही मायने मैं बहुत ही अच्छी है। दमदार कहानी और हर पात्र को उसी के हिसाब से रोल दिया गया है। नागराज और थॉर की टक्कर...भेड़िया और हल्क का टकराव हो या तिरंगा की कैप्टन अमेरिका के भिड़त सभी जगह हर हीरो को अच्छा रोल दिया है। मुझे उम्मीद है आगे भी **FMC** हमें ऐसी ही मनोरंजन वाली कॉमिक्स देती रहेगी। और मैं **FMC** की पूरी टीम बलविंदर पाजी, हुकुम महेन्द्रा, कबीर बेला ( मतलब कबीर अकेला ) महेश, विनय को धन्यबाद देता हूँ और उम्मीद है आप लोग आगे भी फैन्स को शुद्ध मनोरंजन करते रहोगे।

-Bobby Kashyap (Khatima, Uttrakhand)

टीम **Fmc** की जय हो, बहुत ही बढिया कॉमिक्स। मेरे सपनों को साकार कर दिया आपने। आप की कॉमिक्स हमेशा ही ज़बरदस्त होती है। अगले भाग की प्रतीक्षा है। जल्द से जल्द पढ़ने का इच्छुक हुँ। आभार टीम **Fmc** इतनी अच्छी और बढिया कॉमिक्स के लिए !

-Arif Shikalgar (Ulhasnagar, Maharashtra)

जैसा सोचा था उससे भी अच्छी कॉमिक्स लगी। नंबर वन कॉमिक्स टीम **Fmc** और स्पेशली हुकम जी को बधाई जिन्होंने इतनी मेहनत से हम फैन्स को इतनी जबरदस्त और धमाकेदार कॉमिक्स दी। कॉमिक्स में कोई कमी नहीं है। हल्क और भेड़िया का टकराव मस्त लगा। है...बात तो है **Fmc** जो काम कर रही है और कोई नहीं कर सकता। कॉमिक्स की स्टोरी, एडिटिंग, कांसेप्ट मस्त है। नेक्स्ट पार्ट का वेट है क्योंकि वो और ज्यादा पावरफुल होगी। धन्यवाद टीम **Fmc.**

-Jitendra Ahirwar (Jabalpur, M.P.)

**Apocalyapse** पढ़ी ! सबसे पहले तो मेरी बधाई स्वीकार कीजिये। कहानी शानदार तरीके से स्टार्ट हुई है। एक के बाद एक ब्रह्मांड रक्षकों के सामने लीग और अवेंजर्स के मेम्बर आ रहे हैं और उनसे बेमन से उलझ रहे हैं। मतलब बहुत बड़ा षड्यंत्र खेला गया है जिसके कारण मजबूरी में उनको ये कदम उठाना पड़ रहा है या फिर इस टकराव से ही कोई हल निकलेगा शायद। कहानी बहुत अच्छी गढ़ी गई है और जबरदस्त ट्विस्ट के साथ आगे बढ़ती है। अगले भाग के लिए उत्सुकता बढती है। इमेज एडिटिंग के लिए जो दावा किया गया था उस दावे पर टीम पूरी तरह खरी उतरती है। बहुत लाजवाब एडिटिंग है। इतने अच्छे इशू उपलब्ध कराने के लिए टीम को एक बार फिर से बधाई। ऐसे ही करते रहें। -Anurag Kumar Singh (Kishanganj, Bihar)

वाह क्या बात है। मजबूत पटकथा, शानदार आर्ट वर्क। लगा ही नहीं फैनमेड कॉमिक्स पढ़ रहा हूं। **Fmc** की पूरी टीम को बधाई। आपके प्रयास को नमन। आपके कॉमिक्स की प्रतीक्षा मे।

-Arjun

शेष अगले पृष्ठ पर

हुकुम जी और आपकी टीम को धन्यवाद ॥ आपने जो।मेहनत की है वो सार्थक सिद्ध हुई। कॉमिक्स को पढ़ कर ऐसा लगा ही नही के ये फैन मेड कॉमिक्स है। और सबसे बड़ी बात के 64 पेज जब खत्म हो गए पता ही नही चला। बहुत ही शानदार चित्रांकन। और स्टोरी भी बहुत लाजवाब है। किस सुपर हीरो को किससे लड़वाना है..इसका फैसला भी बहुत सही लिया है। और आखिरी में इतना कहना चाहता हुँ कि मजा आ गया। लगे रहो।

-Dhruva Rathore

बहुत ही जबरदस्त एडिटिंग, कहानी सब कुछ बहुत बढ़िया और जानदार प्रयास। आप सभी जिन्होंने यह कहानी बनाई है बधाई के पात्र हैं। कॉमिक्स फैन्स के लिए इससे बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। **waiting eagerly for next part - -all d best to creators :)**

-Navneet Singh (Bangalore, Karnataka)

कॉमिक के बारे में अपना फीडबैक देने से पहले मैं सभी **FMC** मेकर्स को बताना चाहूंगा कि इस फीडबैक में मेरा इरादा किसी को **underestimate** करना या उनकी प्रतिभा को **underestimate** करना नही है। और न ही उनके आईडियाज को। मेरा इरादा किसी को ठेस पहुंचाना नही है। बस एक कॉमिक रीडर होने के नाते मैं यह फीडबैक दे रहा हूँ। बस एक विनम्र निवेदन है कि इस फीडबैक को कृपया ध्यानपूर्वक पढ़ें। कॉमिक बहुत बढ़िया थी लेकिन कुछ कैरेक्टर्स के सामने उनके प्रतिद्वंदी कैरेक्टर्स कुछ जमे नही। जैसे-

1- भेड़िया की लड़ाई हल्क के साथ दिखाई गई। अब खुद ही देखो... कहाँ भेड़िया और कहाँ हल्क। मेरे हिसाब से 'भेड़िया की लड़ाई वोल्वोरिन के साथ दिखानी चाहिए थी' जो कि ज़्यादा बढ़िया लगती। और अगर हल्क के साथ ही लड़ाई दिखानी थी तो उसके सामने 'अडिग' ही धांसू लगता।

2- नागराज और थॉर की लड़ाई तो ठीक-ठाक थी लेकिन दोनों आमने-सामने बराबरी के नही लग रहे थे। मेरे हिसाब से 'नागराज की भिड़ंत वेनोम या स्पाइडर मैन के साथ दिखाई जाती तो और ज़्यादा बढ़िया लगती। वैसे नागराज के सामने वेनोम ही मस्त लगेगा लड़ाई के लिए' और अगर थॉर के साथ ही लड़ाई दिखानी थी तो उसके साथ 'योद्धा' की भिड़ंत बढ़िया लगती।

-Jitendra Kumar (Chandigarh)

**Awesome work--**मैंने **Apocalypse** पढ़ी। पढ़कर मजा आ गया **really good work-** मैंने इसे बहुत पहले डाउनलोड करके पढ़ा लेकिन रिव्यु देने का टाइम नहीं मिल पाया। **first thing I am doing today is this...**सच में कॉमिक्स इतनी अच्छी थी कि मैं कमेंट दिए बिना रह नहीं सका। **Really thanks- Waiting for next part hope will get it soon.**

-Muneer Alam

**Fmc** टीम ! हम आपका तहे दिल से धन्यवाद करते हैं आपने हमें ये कॉमिक्स पढ़ने का मौका दिया जिसको हम बेसब्री से पढ़ना चाहते हैं और मुझे इसके दूसरे भाग का बहुत ही बेसब्री से इंतजार है। आशा है आप लोगों की मेहनत रंग लाएगी भगवान से दुआ है हमारी। आपको ढेर सारा प्यार।

-Ritesh Yadav

बाकी अन्य मित्रों ने जो रिव्युज दिए हैं अथवा कोई सुझाव दिए हैं हमारी टीम कोशिश करेगी कि उन पर अम्ल किया जाए। टीम को आप सबका प्रेम और मार्गदर्शन यूँ ही मिलता रहे यही हमारे लिए सर्वोपरि है। धन्यवाद !

Follow us on facebook
www.facebook.com/teamfanmadecomics

Follow our blog
http://singhcomicsworld.blogspot.com

FMC
JUNOON NEVER DIE

BUY COMICS
SAVE COMICS INDUSTRIES